Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## खाड़ी संकट गहराया, कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल

**ब्रेंट क्रूड 80 डॉलर के करीब, वैश्विक बाजारों पर भी असर**

**मुंबई ।**

मध्य पूर्व में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर तेज उछाल देखने को मिल रहा है। 9 जुलाई को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई हैं। बाजार पर अमेरिका द्वारा ईरान पर नए सैन्य हमलों की चेतावनी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में हुए तेल टैंकरों पर हमलों का सीधा असर दिखाई दे रहा है। निवेशकों को आशंका है कि अगर हालात और बिगड़े, तो वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे कीमतें और तेजी से बढ़ेंगी। इस बढ़ते तनाव का असर केवल कच्चे तेल तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर के शेयर बाजारों पर भी दिख रहा है। हालांकि, कई एक्सपर्ट्स का मानना है कि फिलहाल कच्चे तेल की कीमतों के 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने का अनुमान लगाना जल्दबाजी होगी। उनका कहना है कि वैश्विक तेल बाजार ने संकट के दौरान उम्मीद से बेहतर मजबूती दिखाई है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में शुरुआत में प्रतिदिन 2 करोड़ बैरल तेल की कमी का डर था, लेकिन वैकल्पिक सप्लाई रूट के कारण अब वास्तविक कमी लगभग 1.22 करोड़ बैरल प्रतिदिन रहने का अनुमान है।

## एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट का मेगा आईपीओ 14 जुलाई से खुलेगा

**कंपनी ने तय किया प्राइस बैंड, एसबीआई और एमुंदी बेचेंगे हिस्सेदारी**

**नई दिल्ली ।**

देश की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनी, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (एसबीआई एफएम) अपना बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आ रही है। कंपनी ने इसके लिए प्राइस बैंड और अन्य महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा कर दी है, साथ ही रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) पास अपना रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) भी दाखिल कर दिया है। यह आईपीओ 14 जुलाई से निवेशकों के लिए खुलेगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने एक्सचेंज फाइलिंग में जानकारी दी है कि उसकी एसेट मैनेजमेंट कंपनी, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट, अपना आईपीओ ला रही है। कंपनी ने अपने आईपी ओ के लिए प्रति शेयर 545 से 574 रुपये का प्राइस बैंड निर्धारित किया है। खास बात यह है कि कंपनी अपने कर्मचारियों को प्रति शेयर 54 रुपये का विशेष डिस्काउंट भी प्रदान करेगी। निवेशकों को न्यूनतम 26 शेयरों के लिए बोली लगानी होगी, जिसके बाद वे 26 के गुणकों में आवेदन कर सकेंगे। यह आईपी ओ निवेशकों के लिए 14 जुलाई, मंगलवार को खुलेगा और 16 जुलाई, गुरुवार को बंद होगा। एंकर निवेशक 13 जुलाई को, यानी इश्यू खुलने से एक दिन पहले ही बोली लगा सकेंगे। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईपी) के लिए बोली लगाने की अंतिम तारीख भी 16 जुलाई ही रहेगी। कंपनी ने पहले की एक सूचना में क्यूआईपी के लिए 15 जुलाई की तारीख का उल्लेख किया था, जिसे अब सुधार कर 16 जुलाई कर दिया गया है। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल है, जिसका अर्थ है कि कंपनी को इस इश्यू से कोई पूंजी नहीं मिलेगी।

## टीसीएस नतीजों से पहले आईटी शेयरों में गिरावट

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को आईटी सेक्टर की शुरुआत कमजोर रही। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के जून तिमाही के नतीजे घोषित होने से पहले निवेशकों ने आईटी शेयरों में मुनाफावसूली की। इसके चलते निफ्टी आईटी सूचकांक सुबह के कारोबार में करीब 1 फीसदी गिर गया, जो 27,311.30 अंक पर कारोबार करता दिखा। प्रमुख आईटी शेयरों में गिरावट देखी गई, जिसमें इंफो सिस का शेयर करीब 1.78 फीसदी और खुद टीसीएस का शेयर 1.04 फीसदी टूटा। एचसीएल टेक में भी 0.81 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बाजार की नजर पूरी तरह टीसीएस के नतीजों पर टिकी है, जो कारोबार बंद होने के बाद जारी होंगे। इन्हीं नतीजों से पूरे सेक्टर के आउटलुक का अंदाजा लगाया जाता है। ब्रोकरेज फर्मों का मानना है कि टीसीएस के लिए जून तिमाही बहुत मजबूत नहीं रहने वाली है। आय में मामूली बढ़ोतरी या स्थिरता और कर्मचारियों की वेतन वृद्धि व कमजोर आईटी खर्च से मुनाफे के मार्जिन पर दबाव रह सकता है। जेएम फायनें सियल ने पश्चिम एशिया में तनाव और एआई से बढ़ते प्राइसिंग प्रेशर को देखते हुए वित्त वर्ष 2027 की धीमी शुरुआत की आशंका जताई है।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 95.50 पर बंद हुआ। रुपया गुरुवार के कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार में चार पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.52 पर आ गया।

पश्चिम एशिया में फिर से तनाव उत्पन्न होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से वैश्विक स्तर पर निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और वैश्विक व्यापार को लेकर अनिश्चितताओं की आशंका बढ़ गई। हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख ने रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.52 प्रति डॉलर पर खुला जो उसके पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट है।

रुपया बुधवार को 52 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.48 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की गिरावट के साथ 100.98 पर रहा।

## अदाणी अमेरिकी कोर्ट में दाखिल करेंगे हलफनामा

**आरोपों की वापसी पर देनी होगी जानकारी**

**नई दिल्ली।**

उद्योगपति गौतम अदाणी इस सप्ताह अमेरिकी अदालत में एक महत्वपूर्ण हलफनामा दाखिल कर सकते हैं। यह कदम अदालत के उस निर्देश के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें उन्हें अभियोग वापस लेने से जुड़े किसी संभावित समझौते, प्रस्ताव या लाभ की जानकारी का खुलासा करने को कहा गया है। अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने पहले कहा था कि उसने प्रतिभूति मामले को कानूनी आधार न होने के कारण वापस ले लिया था।

न्याय मंत्रालय के अधिकारी मैककॉट्टर ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया था जिनमें आरोप वापस लेने के बदले अमेरिका में निवेश की बात कही गई थी। हालांकि, न्यायाधीश ने सरकार के इस पक्ष पर संदेह व्यक्त किया और आशंका जताई कि किसी प्रकार की अघोषित सहमति या व्यवस्था रही हो सकती है। अदालत ने अदाणी को 15 जुलाई तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## फोर्ड ने कोयंबतूर में खोला तीसरा वैश्विक केंद्र, भारत में तकनीक और डेटा पर जोर

**600 से अधिक कर्मचारियों के साथ यह कार्यालय वैश्विक परिचालन मजबूत करेगा**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका की फोर्ड मोटर कंपनी की सहायक इकाई फोर्ड बिजनेस सॉल्यूशंस (एफबीएस) ने भारत में अपने तीसरे वैश्विक क्षमता केंद्र का कोयंबतूर में उद्घाटन किया है। यह नया केंद्र फोर्ड के वैश्विक परिचालन को मजबूत करेगा और चेन्नई स्थित एफबीएस केंद्र के लिए एक समर्पित बिजनेस कंटिन्यूटी केंद्र (बीसीसी) के तौर पर काम करेगा, जो वैश्विक लेखांकन, क्रेडिट और कारोबारी परिचालन टीमों को सेवाएं देगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, भविष्य में भारत में फोर्ड की लगभग 50 फीसदी वृद्धि तकनीक, डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स के क्षेत्रों से आएगी। कोयंबतूर केंद्र में शुरुआती चरण में 600 से अधिक कर्मचारियों सहित करीब 800 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। यह एसवीबी टेक पार्क में 82,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में तीन मंजिलों में फैला है। एफबीएस इंडिया की प्रमुख और प्रबंध निदेशक गंगाप्रिया चक्रवर्ती ने कहा, यह केंद्र हमारी बिजनेस कंटिन्यूटी रणनीति का अहम हिस्सा है, जो मौसम या अन्य कारणों से चेन्नई के कामकाज प्रभावित होने पर भी वैश्विक बाजारों को निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करेगा। अगस्त 2022 में फोर्ड द्वारा भारत में अपने विनिर्माण संयंत्र बंद करने के बावजूद, एफबीएस इंडिया में फिलहाल 12,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। चेन्नई का ग्लोबल टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर फोर्ड के वैश्विक सफल मॉडलों के डिजाइन व विकास में महत्वपूर्ण रहा है, जबकि बेंगलुरु में भी एक तकनीकी इनक्यूबेशन सेंटर है। कोयंबतूर कार्यालय को सहयोगात्मक और हाइब्रिड कार्य प्रणाली के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें 230 से अधिक वर्कस्टेशन, मीटिंग रूम और फोकस रूम जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**सेंसेक्स 238, निफ्टी 81 अंक ऊपर आया**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनियां भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आई है। आज जहां प्रमुख सूचकांक हरे निशान पर खुले और पूरे दिन मजबूत बने रहे। हालांकि, कारोबारी सत्र के अंतिम पलों में थोड़ी बिकवाली देखने को मिली पर इसके बाद भी बाजार ने अपनी तेजी बरकरार रखी। दिन के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 238 अंक उछलकर 76,741 के स्तर पर बंद हुआबंद हुआ, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 81 अंकों की मजबूती के साथ ही 23,962 के स्तर पर बंद हुआ, जिससे निवेशकों में उत्साह का माहौल बना रहा। यह प्रदर्शन वैश्विक बाजारों से मिल रहे मिश्रित संकेतों के बावजूद भारतीय बाजार की आंतरिक मजबूती को दर्शाता है।

यह तेजी केवल मुख्य सूचकांकों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जबरदस्त उछाल रहा। , जिसने बाजार की सकारात्मक भावना को और मजबूत किया। निवेशकों ने छोटे और मझोले आकार की कंपनियों में खासा उत्साह दिखाय। निफ्टी स्मॉलकैप 100 में प्रभावशाली 1.80 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई, जबकि निफ्टी मिडकैप 100 ने भी 1.38 फीसदी की शानदार रैली दिखाई। यह व्यापक बाजार में आत्मविश्वास बढ़ने और निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता में वृद्धि का संकेत है।

निफ्टी 50 के भीतर, कुछ कंपनियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया और बाजार को ऊपर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें सन फार्मा सबसे आगे रहा, जिसने 2.68 फीसदी की बढ़त हासिल की। इसके बाद, भारती एयरटेल में 2.28 फीसदी, बजाज फिनसर्व में 2.17 फीसदी और इंटरग्लोब में 2.06 फीसदी की शानदार तेजी दर्ज की गई।




हालांकि, बाजार की इस समग्र तेजी के बीच, कुछ शेयरों को नुकसान भी उठाना पड़ा। निफ्टी 50 की कंपनियों में डॉ रेड्डीज सबसे अधिक प्रभावित हुआ, जिसमें 5.90 फीसदी की बड़ी गिरावट देखी गई। इसके बाद, इंफोसिस में 1.74 फीसदी , मारुति सुजुकी में 1.60 फीसदी , एनटीपीसी में 1.44 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जिसने बाजार के कुछ क्षेत्रों पर दबाव बनाया। इससे पहले आज सुबह के शुरुआती कारोबार में निफ्टी 50 भी 111.35 अंकों की बढ़त के साथ ही 23,993.40 के स्तर पर पहुंचा, जो जल्द ही 24,000 के मनोवैज्ञानिक आंकड़े के करीब पहुंच गया। वहीं सेंसेक्स भी 342 अंक बढ़कर 76,845.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# सरकार ने किया काम, अब उद्योग की बारी, सीईए का एआई चुनौती पर जोर

**एआई से निपटने को कौशल और नवाचार में निवेश जरूरी**

**नई दिल्ली ।**

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को उद्योगों से कृत्रिम मेधा (एआई) से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण और नवाचार में निवेश करने का आग्रह किया। सीआईआई जीसीसी शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने बजट में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को समर्थन देकर अपना काम कर दिया है, अब उद्योग की बारी है। नागेश्वरन ने बताया कि केंद्रीय बजट में जीसीसी के लिए ट्रांसफर प्राइसिंग सेफ हार्बर व्यवस्था को सरल बनाकर और छोटे शहरों तक विस्तार को प्रोत्साहित कर सरकार ने उद्योग की लंबे समय से लंबित मांग पूरी की है। हालांकि, उन्होंने जोर दिया कि एआई ने पुराने कारोबारी मॉडल को चुनौती दी है, जिससे नियमित और दोहराए जाने वाले कार्य प्रभावित होंगे। उन्होंने आगाह किया कि केवल कम लागत पर आधारित मॉडल जोखिम में हैं, और उद्योगों को लागत-आधारित मॉडल से क्षमता-आधारित मॉडल तथा निष्पादन से नवाचार की ओर बढ़ना होगा। सीईए ने उद्योगों से क्षमता निर्माण और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार रनवे तैयार कर सकती है, लेकिन विमान नहीं उड़ा सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि सफलता से आत्मसंतोष नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रतिस्पर्धी देश अपनी क्षमताएं बढ़ा रहे हैं, लागत बढ़ रही है और कुशल प्रतिभा की




उपलब्धता लगातार चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। भारत की दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त इसी पर निर्भर करेगी कि वह एआई के लिए स्वयं को कितना तैयार करता है।

## इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को मिलेगी गति, प्रमुख कलपुर्जों पर सीमा शुल्क समाप्त

**केंद्र सरकार ने डिस्प्ले असेंबली, लिथियम-आयन सेल जैसे सामानों पर बीसीडी हटाई**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने गुरुवार को सरकार के उस महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत किया, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में उपयोग होने वाले प्रमुख कलपुर्जों पर बुनियादी सीमा शुल्क (बीसीडी) को समाप्त कर दिया गया है। कृष्णन ने इस कदम को देश की मूल्य श्रृंखला को और मजबूत बनाने तथा घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा उद्योग को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण बदलाव करार दिया। एक कार्यक्रम से इतर बातचीत में सचिव कृष्णन ने बताया कि यह निर्णय उद्योग जगत की ओर से लगातार किए गए अनुरोधों का परिणाम है। वित्त मंत्रालय के समक्ष मामला उठाने के बाद अब इस संबंध में अधिसूचनाएं जारी हो चुकी हैं। उनका मानना है कि यह पहल विशेष रूप से देश के इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा उद्योग के लिए एक बड़ी राहत और प्रोत्साहन होगी।

सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के व्यापक उद्देश्य से यह छूट प्रदान की है। इसके तहत डिस्प्ले असेंबली, लिथियम-आयन सेल और इंडक्टर कॉयल मॉड्यूल जैसे प्रमुख कलपुर्जों के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले सामान पर बुनियादी सीमा शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

# खाद्य तेलों की कीमतें बढ़ेंगीं रसोई बजट पर दोहरी मार

**महंगे आयात और घरेलू उत्पादन में संभावित गिरावट से फिलहाल राहत की उम्मीद कम**

**मुंबई ।**


आयातित खाद्य तेलों की लगातार बढ़ती कीमतें और कमजोर मानसून के कारण घरेलू तिलहन उत्पादन पर मंडराते खतरे के चलते आने वाले महीनों में रसोई का बजट और बढ़ सकता है। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक बाजार में महंगी खरीद और घरेलू उत्पादन में संभावित गिरावट के कारण उपभोक्ताओं को तत्काल राहत की संभावना नहीं है। उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार सरसों, सोयाबीन और पाम तेल की औसत खुदरा कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में 10-12 प्रतिशत अधिक हैं। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन के मुताबिक बढ़ती परिवहन लागत, कमजोर रुपया और प्रमुख उत्पादक देशों द्वारा खाद्य तेल का बायोडीजल में बढ़ता उपयोग आयात लागत को बढ़ा रहा है। इंडोनेशिया का नया बी50 बायोडीजल कार्यक्रम वैश्विक बाजार में पाम तेल की उपलब्धता को और कम करेगा, जिससे कीमतें और बढ़ सकती हैं। वहीं इस वर्ष कमजोर और असमान




मानसून का असर घरेलू तिलहन उत्पादन, विशेषकर सोयाबीन और मूंगफली पर पड़ने की आशंका है। गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों में बुवाई का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में काफी पीछे चल रहा है। इंडियन वेजिटेबल ऑयल प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन का अनुमान है कि इन चुनौतियों के कारण भारत की खाद्य तेल आयात पर निर्भरता और बढ़ेगी, जो वर्ष 2025-26 तक 16.8 मिलियन टन तक पहुंचने का अनुमान है।

## देश के आठ शहरों में प्रीमियम घरों का दबदबा किफायती खंड पिछड़ा

**जनवरी-जून 2026 में 8 शहरों में कुल बिक्री मामूली बढ़कर 1.71 लाख इकाई**



**नई दिल्ली ।**

रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार देश के आठ प्रमुख शहरों में जनवरी-जून 2026 की अवधि में आवासीय बिक्री में 0.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, जो 1.71 लाख इकाई तक पहुंच गई। इस अवधि में प्रीमियम मकानों की मांग में उल्लेखनीय उछाल देखा गया, जिनकी कुल बिक्री में 54 प्रतिशत की प्रभावशाली हिस्सेदारी रही। नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक कुल बिक्री 1,71,471 इकाई रही, जो पिछले साल की 1,70,201 इकाई से मामूली अधिक है। इस वृद्धि में एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले मकानों की मुख्य भूमिका रही। वहीं, किफायती (50 लाख रुपये से कम) मकानों की बिक्री 15 प्रतिशत घटकर 32,063 इकाई (कुल बिक्री का 19 फीसदी) रह गई, जबकि मध्यम आय वर्ग (50 लाख से 1 करोड़ रुपये) के मकानों की बिक्री पांच प्रतिशत घटकर 46,490 इकाई (कुल बिक्री का 27 फीसदी) रही। आठ शहरों में से दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर सभी जगह आवास बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई, जहां सालाना आधार पर सात प्रतिशत की गिरावट आई।

इस वर्ष की पहली छमाही में नए आवासों की पेशकश चार प्रतिशत बढ़कर 1,87,350 इकाई हो गई। नाइट फ्रैंक इंडिया ने कहा कि बाजार के बुनियादी कारक मजबूत हैं। उन्होंने बताया कि घरेलू आय में वृद्धि, खरीदारों की बदलती आकांक्षाएं और गृह स्वामित्व में बढ़ता विश्वास प्रीमियम खंड को बल दे रहा है। शहरीकरण, बुनियादी ढांचा निवेश व स्थिर आर्थिक माहौल आवासीय बाजार को निरंतर सहारा दे रहे हैं।

## तेल बाजार में विरोधाभास यूएस में कच्चे तेल का भंडार बढ़ा पर पेट्रोल-डीजल का घटा

**पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल में उछाल, डॉलर भी मजबूत**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका के ऊर्जा बाजार से मिले नए आंकड़े मिले-जुले संकेत दे रहे हैं। जहां एक ओर कच्चे तेल का भंडार बढ़ा है, वहीं पेट्रोल और डीजल के स्टॉक में अप्रत्याशित गिरावट दर्ज की गई है। इसी बीच पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक तनाव ने कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर दोनों को मजबूती दी है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) के अनुसार 3 जुलाई को समाप्त सप्ताह में कच्चे तेल का भंडार 29.98 लाख बैरल बढ़कर 41.13 करोड़ बैरल हो गया, जो 10 हफ्तों की गिरावट के बाद पहली बार बढ़ा है। हालांकि, बाजार की उम्मीदों के विपरीत, पेट्रोल का भंडार 19.04 लाख बैरल घटकर 21.21 करोड़ बैरल और डीजल का स्टॉक 49.8 लाख बैरल घटकर 10.36 करोड़ बैरल पर आ गया। शुद्ध आयात में वृद्धि ने कच्चे तेल के भंडार को बढ़ाया। इन विरोधाभासी आंकड़ों के बावजूद गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 1 फीसदी की तेजी देखी गई। ब्रेंट क्रूड 78.81 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। यह तेजी पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव (अमेरिका-ईरान सैन्य कार्रवाई की पुष्टि), आपूर्ति अनिश्चितता और महंगाई की चिंताओं का परिणाम है। तनाव बढ़ने से डॉलर इंडेक्स भी 101 के करीब मजबूत हुआ है, क्योंकि निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर रुख कर रहे हैं।

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें वैश्विक महंगाई की चिंताओं को बढ़ा रही हैं, जिससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरों में जल्द कटौती न करने का दबाव बढ़ा है। बाजार 2026 तक फेड की ओर से एक बार ब्याज दर बढ़ने की संभावना देख रहा है। निवेशक अब अमेरिका के बेरोजगारी दावों और हाउसिंग डेटा पर नजर बनाए हुए हैं।

# एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान घटाकर किया 6.6 प्रतिशत

**मुद्रास्फीति भी बढ़ी फिर भी भारत सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था**

**नई दिल्ली ।**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण ऊर्जा कीमतों में संभावित उछाल को देखते हुए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया है। एडीबी ने गुरुवार को जारी अपनी एशियाई विकास परिदृश्य रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि, इस कटौती के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों से वास्तविक आय पर पड़ने वाले दबाव के कारण यह संशोधन किया गया है। इसके विपरीत, वित्त वर्ष 2027-28 के लिए वृद्धि दर का अनुमान 7.3 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। एडीबी ने 2026-27 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान भी बढ़ा दिया है, जो अप्रैल के 4.5 प्रतिशत से बढ़कर अब 5.2 प्रतिशत हो गया है। 2027-28 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान चार प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी पिछले महीने 2026-27 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अपना अनुमान 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत किया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी 2026-27 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पहले के 6.5 प्रतिशत से कम है।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

### सूरत की खाड़ियों के पुनर्विकास के लिए 500 करोड़ रुपये मंजूर

# मुख्यमंत्री का आदेश—अवैध कब्जे हटाओ, लापरवाह अधिकारी और ठेकेदार नहीं बचेंगे

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सूरत में बाढ़ की गंभीर स्थिति की समीक्षा के बाद खाड़ियों के पुनर्विकास, गहरीकरण और अवैध कब्जे हटाने के लिए 500 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज की घोषणा की है। जरूरत पड़ने पर 1,500 करोड़ रुपये तक अतिरिक्त राशि देने



की भी बात कही गई।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम को निर्देश दिया कि खाड़ियों के किनारे बने सभी अवैध निर्माण बिना किसी राजनीतिक दबाव के तत्काल हटाए जाएं ताकि पानी का प्रवाह बाधित न हो।

**बाढ़ के लिए जिम्मेदार पांच बड़ी लापरवाहियां**

1. प्री-मानसून तैयारियों में भारी कमी और ड्रेनेज की सफाई का अभाव।
2. संकट प्रबंधन और राहत कार्यों में समन्वय की विफलता।
3. कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर और खाड़ियों पर अवैध कब्जे।
4. नाव, पंप और अन्य संसाधनों की कमी।
5. समय रहते लोगों को चेतावनी और सुरक्षित स्थानों पर नहीं पहुंचाया गया।

गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि भविष्य में यदि ऐसी स्थिति दोबारा बनी तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी अनुशासनात्मक तथा आवश्यक होने पर आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सभी सरकारी विभागों को निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों को 24 घंटे के भीतर नकद सहायता और घरेलू सामान के लिए राहत उपलब्ध कराई जाए।

नई बनी सड़कों के धंसने और टूटने की जांच के आदेश दिए गए हैं। घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि कुछ अवैध निर्माणों के कारण लाखों नागरिकों को परेशानी नहीं झेलनी चाहिए और भविष्य में ऐसी स्थिति रोकने के लिए स्थायी समाधान पर तुरंत काम शुरू किया जाएगा।

## दुकान का शटर खुलते ही व्यापारियों की आंखों में आंसू आ गए

### स्थानीय बाजारों से खरीदारी की अपील

सूरत शहर में हाल ही में हुई भारी बारिश और जलभराव के कारण टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स हब माने जाने वाले इलाकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। खासकर पोदार मार्केट के व्यापारियों की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद पूरे बाजार में सिर्फ तबाही के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। पिछले 12 वर्षों से पोदार मार्केट से जुड़े स्थानीय व्यापारी हरेशभाई ने इसे अब तक की सबसे बड़ी तबाही बताया है।

करीब 48 घंटे बाद पोदार मार्केट से पानी पूरी तरह निकल पाया। जब व्यापारियों ने अपनी दुकानें खोलीं तो अंदर का दृश्य देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए। कई व्यापारियों को तो दुकान बंद करने का भी मौका नहीं मिला था। दुकानों में रखा मोबाइल एक्सेसरीज़ और अन्य सभी प्रकार का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।

पिछले दो वर्षों से पोदार मार्केट में अपनी दुकान चला रहे व्यापारी हरेशभाई ने भावुक होकर कहा, 'मैंने वर्षों तक यहां नौकरी की और उसके बाद दो साल पहले अपनी खुद की दुकान शुरू की थी। लेकिन इस बाढ़ ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। जिन व्यापारियों ने शून्य से अपनी मेहनत के दम पर कारोबार खड़ा किया था, आज बाढ़ के कारण पूरा पोदार मार्केट फिर से शून्य पर आकर खड़ा हो गया है।'

उन्होंने बताया कि दुकानों में पानी भर जाने से लाखों रुपये का माल पूरी तरह नष्ट हो गया है और व्यापारियों के हाथ कुछ भी नहीं बचा है।

इस कठिन समय में व्यापारियों ने सूरत की जनता से सहयोग की उम्मीद जताई है। आगामी रथयात्रा से लेकर सभी बड़े त्योहारों का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में व्यापारी हरेशभाई ने हाथ जोड़कर सूरतवासियों से अपील की है कि वे स्थानीय बाजारों का पूरा समर्थन करें। चाहे कपड़ा बाजार हो या इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट, यदि ग्राहक स्थानीय व्यापारियों से खरीदारी करेंगे, तभी सूरत का यह गौरवशाली बाजार दोबारा खड़ा हो सकेगा। आपसी सहयोग से ही सुंदर सूरत को फिर से पहले की तरह बनाया जा सकता है।

व्यापारियों ने सूरत के नागरिकों से विशेष अनुरोध किया है कि इस कठिन आर्थिक संकट के समय किसी भी वस्तु की खरीदारी ऑनलाइन करने के बजाय सीधे स्थानीय दुकानों से ऑफलाइन खरीदारी करें। उनका कहना है कि यह नुकसान केवल पोदार मार्केट तक सीमित नहीं है, बल्कि सूरत के उन सभी छोटे-बड़े व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है

### खाड़ी में आई बाढ़ के तीसरे दिन भी लोगों की परेशानी बरकरार

# केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने डिंडोली और पर्वत पाटिया के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

### प्रशासन को तत्काल राहत पहुंचाने के निर्देश

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत शहर में तीन प्रमुख खाड़ियों के ओवरफ्लो होने से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का आज तीसरा दिन है। भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के कारण शहर का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा जलमग्न हो गया था। तीसरे दिन अधिकांश रिहायशी इलाकों से बाढ़ का पानी धीरे-धीरे उतर रहा है, जिससे लोगों ने कुछ हद तक राहत की सांस ली है।

हालांकि, बाढ़ की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पानी उतरने के बाद भी जनजीवन पर उसके गंभीर प्रभाव साफ दिखाई दे रहे हैं। सड़कों पर कीचड़ का साम्राज्य फैला हुआ है और लोगों के घरों व घरेलू सामान को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है।

शहर के अधिकांश इलाकों से पानी उतर चुका है, लेकिन



पर्वत गांव और लिम्बायत जैसे निचले क्षेत्रों की स्थिति अब भी चिंताजनक बनी हुई है। यहां अभी भी दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है, जिससे स्थानीय लोग अपने ही घरों में कैद होकर रह गए हैं।

पीने का साफ पानी, अनाज और दूध जैसी आवश्यक वस्तुएं जुटाने में भी लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, घरों में पानी भर जाने से अनाज खराब हो गया है और बिजली नहीं होने के कारण रातें अंधेरे में बितानी पड़ रही हैं। ऐसे में हालात सामान्य होने में अभी समय लगेगा।

सूरत की गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल दिल्ली से तत्काल सूरत पहुंचे। उन्होंने नवागाम, डिंडोली और लिम्बायत सहित कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का ग्राउंड जीरो पर जाकर निरीक्षण किया।

दौरे के दौरान उन्होंने बाढ़ से प्रभावित लोगों से सीधे बातचीत की। मंत्री ने पीड़ितों को सांत्वना दी और आश्वासन दिया कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी तथा प्रशासन भी राहत कार्यों में पूरी संवेदनशीलता के साथ जुटा रहेगा।

केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल ने पर्वत पाटिया स्थित मॉडल टाउनशिप का भी दौरा कर बाढ़ से व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को हुए आर्थिक नुकसान का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सूरत महानगरपालिका (SMC) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि बाढ़ पीड़ितों तक सरकारी सहायता और नकद राहत (कैश डोल) बिना किसी देरी के पहुंचाई जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रभावित लोगों के बैंक खातों में या सीधे उन्हें राहत राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपने जीवन को दोबारा पटरी पर ला सकें।

दूसरी ओर, जिन क्षेत्रों से बाढ़ का पानी पूरी तरह उतर चुका है, वहां सूरत महानगरपालिका (SMC) की टीमें युद्धस्तर पर सफाई अभियान चला रही हैं। पर्वत पाटिया और आसपास



के इलाकों में सफाई कर्मचारी दिन-रात सड़कों की सफाई, कीचड़ हटाने और नालियों की सफाई में जुटे हुए हैं। बाढ़ के गंदे पानी के कारण किसी प्रकार की महामारी न फैले, इसके लिए फॉगिंग मशीनों से छिड़काव, कीटनाशक दवाओं और ब्लीचिंग पाउडर का व्यापक उपयोग किया जा रहा है, ताकि मच्छरजनित और जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण रखा जा सके।

सूरत शहर में तीन-तीन खाड़ियों के ओवरफ्लो होने से शहर का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा जलमग्न हो जाना प्रशासन के लिए एक बड़ी चेतावनी है। हर वर्ष मानसून के दौरान खाड़ी किनारे बसे इलाकों में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान निकालना अब अनिवार्य हो गया है। इसके लिए सूरत महानगरपालिका और राज्य सरकार को खाड़ियों की गहराई बढ़ाने, सुरक्षा दीवारों को मजबूत करने तथा ड्रेनेज सिस्टम को आधुनिक बनाने जैसे दीर्घकालिक कदम उठाने होंगे। यदि भविष्य में ऐसी आपदाओं से नागरिकों को बचाना है, तो अभी से आधुनिक जल प्रबंधन और मजबूत आधारभूत संरचना विकसित करना ही एकमात्र स्थायी समाधान है।

### दो महीने पुरानी छेड़छाड़ का बदला गोलियों से

# पांडेसरा के गीता नगर में हवा में दो राउंड फायरिंग कर फरार अवधेश पांडे ने रजनीकांत पर ताना निशाना

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत शहर अभी हाल ही में तापी नदी में आई बाढ़ और भारी बारिश से हुए नुकसान से उबरने की कोशिश कर रहा है। कई इलाकों में पानी भरने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था और प्रशासन अभी भी सफाई तथा बीमारियों की रोकथाम के कार्यों में जुटा है। इसी बीच शहर में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाली एक और गंभीर घटना सामने आई है। पांडेसरा जैसे घनी आबादी वाले इलाके में शाम के समय हुई खुलेआम फायरिंग ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था के दावों की पोल खोल दी है। बाढ़ का पानी पूरी तरह उतरा भी नहीं था कि गोलियों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सनसनीखेज घटना पांडेसरा के प्रसिद्ध और हमेशा व्यस्त रहने वाले 'तेरे नाम रोड' स्थित गीता नगर सोसाइटी में हुई। शाम के समय जब लोग अपने दैनिक कार्यों में व्यस्त थे, तभी अचानक गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आरोपी ने हवा में लगातार दो राउंड फायरिंग की, जिससे सोसाइटी के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। उस समय महिलाएं और बच्चे भी घरों के बाहर मौजूद थे। फायरिंग होते ही लोग जान बचाने के लिए अपने-अपने घरों में भाग गए। पुलिस की प्रारंभिक जांच और स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस घटना के पीछे कोई तत्काल विवाद नहीं बल्कि पुरानी रंजिश थी। लगभग दो महीने पहले इसी इलाके में एक युवती के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इस मामले को लेकर गीता नगर निवासी अवधेश पांडे और रजनीकांत शर्मा के बीच लंबे समय से विवाद और तनाव चल रहा था। दोनों पक्ष एक-दूसरे को अक्सर देख लेने की धमकियां भी देते थे। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने और विरोधी पक्ष को सबक हुए अवैध हथियार (तमंचा) निकाल लिया। रजनीकांत शर्मा को डराने और इलाके में अपना दबदबा दिखाने के उद्देश्य से अवधेश पांडे ने हवा में दो राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग के बाद आरोपी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गया, जिससे पूरे इलाके में भय का माहौल फैल गया।

पांडेसरा जैसे भीड़भाड़ और संवेदनशील क्षेत्र में फायरिंग की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। पांडेसरा पुलिस थाने के वरिष्ठ



सिखाने के इरादे से इस घटना को अंजाम दिया गया।

बताया जा रहा है कि बुधवार शाम विवाद ने उग्र रूप ले लिया। आरोपी अवधेश पांडे गीता नगर सोसाइटी में रजनीकांत शर्मा के घर के पास पहुंचा। रजनीकांत को देखते ही वह भड़क गया और उसे जान से मारने की धमकी देते

अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, ताकि आरोपी के भागने के रास्ते का पता लगाकर उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## 200 वर्षा प्रभावित परिवारों को अग्रवाल विकास ट्रस्ट ने वितरित की सर्वाइवल किट

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत। लगातार हो रही भारी बारिश से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए अग्रवाल विकास ट्रस्ट एवं उसकी युवा शाखा ने मानवीय पहल करते हुए 200 परिवारों को सर्वाइवल किट वितरित की।

ट्रस्ट द्वारा वितरित किट में आटा, दाल, चावल सहित दैनिक उपयोग की आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल थी, ताकि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत मिल सके।

इसके अलावा ट्रस्ट की युवा शाखा ने आजाद नगर क्षेत्र में पहुंचकर जरूरतमंद लोगों के बीच नाश्ता एवं अन्य आवश्यक सामग्री का भी वितरण किया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राहत कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाई।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में समाज के जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करना संस्था की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर आगे भी राहत कार्य जारी रखे जाएंगे।






**सेवा कार्यक्रम में आजाद नगर**



### सूरत में प्राकृतिक आपदा से टेक्सटाइल उद्योग की कमर

# 1 करोड़ से अधिक साड़ियां बर्बाद, करोड़ों के नुकसान से व्यापारी बेहाल

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत केवल 'डायमंड सिटी' के रूप में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में 'टेक्सटाइल सिटी' के रूप में भी अपनी अलग पहचान रखता है। लेकिन हाल ही में शहर पर आई प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा और सबसे गंभीर असर इसी कपड़ा उद्योग पर पड़ा है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद जब व्यापारियों ने भारी मन से अपनी दुकानें खोलीं, तो सामने का मंजर देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए।

रक्षाबंधन और दिवाली जैसे बड़े त्योहार नजदीक होने के कारण पूरे देश में सूरत की साड़ियों और ड्रेस मटेरियल की भारी मांग रहती है। इस मांग को पूरा करने के लिए व्यापारियों ने करोड़ों रुपये का माल पहले से स्टॉक कर रखा था। लेकिन बाढ़ का पानी इतनी तेजी और अचानक दुकानों में घुसा कि उन्हें सामान बचाने का मौका ही नहीं मिला। दुकानों में पानी भर जाने से लगभग 1 करोड़ से अधिक साड़ियां पूरी तरह खराब हो गईं। अब इन्हें कचरे में फेंकने के अलावा व्यापारियों के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है।

सूरत के रिंग रोड और उसके आसपास स्थित लगभग 100 कपड़ा बाजारों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। सबसे अधिक नुकसान बेसमेंट में स्थित दुकानों को हुआ है, जो अभी भी पूरी तरह पानी में डूबी हुई हैं। व्यापारियों का कहना है कि पानी उतरने के बाद भी उनके हाथ कुछ नहीं आने वाला। करोड़ों रुपये के नुकसान की आशंका के बीच व्यापारी स्थानीय प्रशासन की प्री-मानसून तैयारियों और योजना पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं तथा उनमें भारी आक्रोश और नाराजगी देखी जा रही है।